सुविचार
यदि आप अपने को हमेशा सर्वश्रेष्ठ मानते हैं तो जरूर आप एक दिन सर्वश्रेष्ठ होंगे : डा. भीमराव अंबेडकर

गजब हरियाणा के चौथे स्थापना दिवस पर विशेषांक

P.K.L. No. : HR/KKR/184/2022-24

सच्ची व सटीक खबर-आप तक

# गजब हरियाणा



CONTACT : 91382-03233 हिन्दी राष्ट्रीय पाक्षिक समाचार पत्र

सम्पादक : जरनैल सिंह छाया : राजरानी

www.gajabharyana.com ◆ 16 जुलाई 2022 अंक : 06 वर्ष - 05 पेज-4 मूल्य : 7 रुपए 150/- रुपए सालाना ◆ Email : gajabharyananews@gmail.com


## गजब हरियाणा समाचार पत्र

के चौथे स्थापना दिवस पर
सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं व शुभचिंतकों को बधाई।


बण्डारू दत्तात्रेय – राज्यपाल हरियाणा
मनोहर लाल – मुख्यमंत्री हरियाणा
डा. बनवारी लाल – सहकारिता मंत्री
संदीप सिंह – मंत्री हरियाणा
नायब सैनी – सांसद, कुरुक्षेत्र
मेवा सिंह – विधायक, लाडवा
सुभाष सुधा – विधायक, थानेसर
रामकरण काला – विधायक, शाहाबाद
कुमारी सैलजा – पूर्व केन्द्रीय मंत्री
सूरजभान कटारिया – सदस्य, एमएसजेई भारत सरकार
डा. पवन सैनी – पूर्व विधायक लाडवा



डा. कृपा राम पूनिया – पूर्व मंत्री, रिटा.आईएएस.
डा. आर.आर. फूलिया – पूर्व एसीएस, पूर्व आईएएस
अशोक अरोड़ा – पूर्व मंत्री हरियाणा
डा. अशोक तंवर – पूर्व सांसद, सिरसा
मुकुल कुमार – उपायुक्त, कुरुक्षेत्र
अंशु सिंगला – एस.पी. कुरुक्षेत्र
चंद्रकांत कटारिया – सीटीएम कुरुक्षेत्र
डा. नरेंद्र सिंह – डी.पी.आर.ओ.
बाबू राम तूषार, प्रधान – मीडिया वैल्फेयर क्लब
बिमला सरोहा – वरिष्ठ उपाध्यक्ष महिला कांग्रेस हरियाणा
रीना वाल्मीकि – कार्यकारी अध्यक्ष एससी विभाग हरियाणा कांग्रेस
संदीप गर्ग लाडवा – प्रतिष्ठित समाजसेवी



सूरजभान नरवाल – प्रधान, श्री गुरु रविदास मंदिर एवं धर्मशाला सभा
गुरूदयाल सिंह – संस्थापक कुरुक्षेत्र दर्शन
सुरेश यूनिसपुर – प्रदेश महासचिव कांग्रेस हरियाणा
सुरेन्द्र सैनी – समाजसेवी
राजीव गोयल – पूर्व मंडी प्रधान पिपली
पवन चौधरी – समाजसेवी
जसमेर सोलेखे – एडवोकेट
कुलवंत सिंह – एडवोकेट
सुखबीर सिंह – पत्रकार ब्यूरो चीफ यमुनानगर/अंबाला
रविंद्र कुमार – पत्रकार, पिपली
नरेंद्र धुमसी – सहसंपादक
जरनैल सिंह – सम्पादक


## गजब हरियाणा समाचार पत्र के चौथे स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई

हुडा एक्सपर्ट

Eagle Group Property Advisor

HUDA | ANSALS HERMAN CITY | ANSAL API | JINDAL GLOBAL CITY



पवन लोहरा 9992680513
पवन सरोहा 94165-27761
राजेंद्र बोडला 99916-55048
अंतरिक्ष नांगले 9466698333

हर प्रकार की जमीन जायदाद, मकान व दुकान खरीदने व बेचने के लिए संपर्क करें

1258, सैक्टर-4, नजदीक हुड्डा ऑफिस कुरुक्षेत्र



गजब हरियाणा
राष्ट्रीय समाचार पत्र के चौथे स्थापना दिवस पर बहुत-बहुत बधाई।



सुरजभान कटारिया
सदस्य, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार



गजब हरियाणा
राष्ट्रीय समाचार पत्र के
चौथे स्थापना दिवस पर बहुत-बहुत बधाई।

मैं जन सेवक
"सेवा मेरा कर्म
सेवा मेरा धर्म"



संदीप गर्ग लाडवा प्रतिष्ठित समाजसेवी



बेगमपुरा चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) की ओर से
गजब हरियाणा राष्ट्रीय समाचार पत्र के
चौथे स्थापना दिवस पर बहुत-बहुत बधाई।



कुलवंत सिंह
राष्ट्रीय अध्यक्ष,
बेगमपुरा चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.)



## आभार
### जरनैल सिंह रंगा

गजब हरियाणा समाचार पत्र के चौथे स्थापना दिवस पर विशेषांक निकालने में सहयोग करने पर सभी विज्ञापनादाताओं का आभार और उम्मीद करते हैं कि हमें आपका सहयोग हमेशा मिलता रहेगा।

कार्यालयः सामने बस अड्डा, पिपली (कुरुक्षेत्र)
सब-आफिस, गुरुद्वारा (गुढा) मार्कीट , करनाल रोड, इंद्री (करनाल)
जिला ऑफिस यमुनानगर : सैक्टर-17 जगाधरी यमुनानगर
गजब हरियाणा से जुड़ने के लिए संपर्क करें :
मो. 91382-03233, 99916-10843
अधिक जानकारी के लिए देखें हमारीः
वेबसाइट : www.gajabharyana.com
फेसबुक : @gajabharyananews
ट्विटर : @gajabharyana
इंस्टाग्राम : @gajabharyana
ब्लॉगर : gajabharyananews.com
यूट्यूब : gajab haryana news
नोट : गजब हरियाणा में समाचार व विज्ञापन देने के लिए हरियाणा के समस्त जिलों के ब्यूरो चीफ/पत्रकारों व हमारे प्रतिनिधियों से भी संपर्ककर सकते हैं।

# पिछड़ा वर्ग आयोग का नए सिरे से गठन करके दिया जाएगा पिछड़ा वर्ग को पूरा लाभ : मुख्यमंत्री मनोहर

**बाबा माखन शाह लबाना व बाबा लक्खी शाह बंजारा की जयंती पर कुरुक्षेत्र में हुआ ऐतिहासिक एवं भव्य समारोह, मुख्यमंत्री मनोहर लाल, सांसद नायब सिंह सैनी, खेल मंत्री संदीप सिंह, विधायक सुभाष सुधा, संयोजक एवं पूर्व मंत्री कर्णदेव कांबोज ने महापुरुषों को दी श्रद्धांजलि, मुख्यमंत्री ने पंगत में बैठकर चखा लंगर, महापुरुषों की प्रदर्शनी का किया अवलोकन**

**गजब हरियाणा न्यूज/जरनैल रंगा**

कुरुक्षेत्र । मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि पिछड़ा वर्ग के लोगों और संबंधित जातियों को हर प्रकार की सुविधा और लाभ देने के उदेश्य से सरकार की तरफ से पिछड़ा वर्ग आयोग का नए सिरे से गठन किया जाएगा। इस आयोग का गठन होने के बाद पिछड़ा वर्ग समाज की तमाम समस्याओं की चिंता आयोग की तरफ से ही की जाएगी। इस आयोग के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ सीधा मिल पाएगा। इतना ही नहीं प्रदेश के जिलों में पंचायत द्वारा जमीन देने के प्रस्ताव मिलने के बाद बाबा माखन शाह लबाना और बाबा लक्खी शाह बंजारा महापुरुषों के नाम पर शिक्षण संस्थानों, पार्कों और सामुदायिक केंद्रों का नामकरण व निर्माण किया जाएगा। इस कड़ी में ही कुरुक्षेत्र में लगभग 4 कनाल भूमि का प्रस्ताव प्रशासन की तरफ से मिला है। इस भूमि पर बाबा लक्खी शाह बंजारा के नाम से सामुदायिक केंद्र का निर्माण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल रविवार को कुरुक्षेत्र अनाज मंडी के प्रांगण में बाबा माखन शाह लबाना व बाबा लक्खी शाह बंजारा के प्रदेश स्तरीय जयंती समारोह में बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री मनोहर लाल, सांसद नायब सिंह सैनी, हरियाणा के खेल एवं युवा मामले मंत्री संदीप सिंह, विधायक सुभाष सुधा, जयंती समारोह के संयोजक एवं पूर्व मंत्री कर्णदेव कांबोज, विधायक रामकुमार कश्यप, विधायक हरविंद्र कल्याण, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव कृष्ण कुमार बेदी, पूर्व विधायक एवं महामंत्री डा. पवन सैनी, भाजपा के जिलाध्यक्ष राजकुमार सैनी, पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर, पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मवीर मिर्जापुर, बंजारा समाज के प्रदेशाध्यक्ष किशोरी लाल, लबाना समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरजीत सिंह, जिलाध्यक्ष जसविंदर सैनी ने बाबा माखन शाह लबाना व बाबा लक्खी शाह बंजारा की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए और दीप प्रज्वलित करके कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर बंजारा और लबाना समाज के महापुरुषों की प्रदेश स्तरीय जयंती समारोह के कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पिहोवा जुरासी कलां से संत बाबा मान सिंह द्वारा हजारों श्रद्धालुओं के लिए लगाए गए लंगर स्थल पर पंगत में बैठकर आम संगत के बीच लंगर चखा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र की पावन भूमि पर बाबा माखन शाह लबाना व बाबा लक्खी शाह बंजारा जयंती



समारोह भव्य तरीके से मनाया गया। सरकार पिछड़ा वर्ग आयोग को नए सिरे से बना रही है। इसके बनने के बाद समाज की सभी समस्याओं की चिंता यह आयोग भी करेगा। आयोग के माध्यम से सभी योजनाओं का लाभ लाभार्थियों को मिले, यह सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाबा बंदा सिंह की राजधानी लोहगढ़ को विकसित किया जाएगा और बाबा लक्खी शाह बंजारा के नाम की भी वहां व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। समाज की कुछ जातियां एससी तो कुछ बैकवर्ड क्लास में है, हमने इसके लिए केंद्र सरकार को लिखा है। मुख्यमंत्री ने अपील की कि समाज के जो लोग ज्यादा कमजोर हैं, केवल उन्हें ही अनुसूचित जाति में जाना चाहिए। मनोहर लाल ने घोषणा की कि नगर पालिका कुरुक्षेत्र में कम्युनिटी सेंटर को लक्खी शाह बंजारा के नाम से बनवाया जाएगा। उन्होंने लबाना भवन के लिए जगह तय करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपायुक्तों को निर्देश दिए कि जिन जिलों में समाज के लोग रहते हों वहां के किसी चौक-चौराहे, कम्युनिटी सेंटर या शिक्षण संस्थान को बाबा माखन शाह लबाना व बाबा लक्खी शाह बंजारा के नाम से किया जाए। समाज के लोगों को जहां जमीन चाहिए तो स्थानीय स्तर पर प्रस्ताव पास करवाना पड़ेगा। अगर उनके पास प्रस्ताव आता है तो वे उस पर तुरंत कार्यवाही करेंगे।

**बंजारा समाज बहुत ही संघर्षशील, मेहनती और स्वाभिमानी**

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि बंजारा समाज बहुत ही संघर्षशील, मेहनती और स्वाभिमानी समाज है। पूरे देश में एक अलग ही संस्कृति में जीने वाले के रूप में यह समाज अपनी विशिष्ट पहचान बनाए हुए हैं। हमने समाज के अंतिम और वंचित व्यक्ति का उत्थान करने का बीड़ा उठाया हुआ है। घुमंतू जातियों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए इनके परिवारों के पहचान पत्र बनाए गए हैं। अब इन्हें सरकार की सभी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ परिवार पहचान पत्र के माध्यम से मिलेगा। प्रदेश में बेघर घुमंतू परिवारों का एक सर्वे किया जा चुका है और उन्हें बसाने के लिए हम एक योजना बना रहे हैं। घुमंतू जातियों के युवाओं को नौकरियों की भर्ती में 5 अतिरिक्त अंक दिए जाते हैं। मुझे खुशी है कि वर्ष 2018 से 2022 तक यह लाभ उठाते हुए लगभग 1500 युवाओं को सरकारी नौकरी मिली हैं। घुमंतू जातियों के कल्याण के लिए घुमंतू जाति आयोग तथा सफाई कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग का गठन किया गया है।

**भाई माखन शाह लबाना और भाई लक्खी शाह बंजारा का श्री गुरु तेग बहादुर जी से गहरा संबंध**

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि गीता की इस जन्मस्थली को सिख गुरुओं ने भी अपने पावन चरणों से पवित्र किया है। श्री गुरु नानक देव जी 1508 ई. में अपनी पहली उदासी में सिरसा से कराह, पिहोवा होते हुए कुरुक्षेत्र पहुंचे थे। यहां समय-समय पर 8 गुरुओं का आगमन हुआ। इसी पावन भूमि पर आज बाबा माखन शाह लबाना व बाबा लक्खी शाह बंजारा जी की जयंती पर उनको नमन करता हूँ। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा माखन शाह लबाना और बाबा लक्खी शाह बंजारा दोनों का श्री गुरु तेग बहादुर जी के साथ गहरा संबंध रहा है। गुरु की खोज में बाबा माखन शाह लबाना ने अहम भूमिका निभाई। बाबा माखन शाह जहां बकाला में सच्चे गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी को खोजने में सफल हुए वहीं जब औरंगजेब ने दिल्ली के चांदनी चौक में हिन्द की चादर गुरु तेग बहादुर जी का शीश कलम करवा दिया था तो बाबा लक्खी शाह बंजारा गुरु श्री तेग बहादुर साहिब का पावन शरीर को सही सलामत लाने में सफल हुए और गुरु तेग बहादुर जी का पावन शरीर सम्मानपूर्वक पंचतत्व में विलीन हो गया।

**महापुरुष किसी भी धर्म व जाति के न होकर सभी के**

मुख्यमंत्री ने कहा कि महापुरुष किसी भी धर्म व जाति के न होकर सभी के होते हैं। उनका महान व्यक्तित्व, उनके विचार, उनके आदर्श प्रकाश स्तम्भ की तरह हमारा सदा मार्गदर्शन करते हैं और प्रेरणा देते हैं। ऐसी महान विभूतियों की शिक्षाएं पूरे मानव समाज की धरोहर हैं। उनकी विरासत को संभालने व सहेजने की जिम्मेदारी हम सबकी है। इसलिए हम संत-महापुरुष विचार सम्मान एवं प्रसार योजना के तहत संतों व महापुरुषों के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। हमारा उद्देश्य यह है कि नई पीढ़ी उनके जीवन व कार्यों से प्रेरणा व मार्गदर्शन प्राप्त करे। उन्होंने कहा कि महापुरुषों ने जो समानता का संदेश दिया है, उसे साकार करने के लिए हमने अनेक ऐसी योजनाएं बनाई हैं, जिनसे गरीब से गरीब व्यक्ति का जीवन स्तर ऊंचा उठ सके। हम प्रदेश में उन परिवारों को आर्थिक रूप से मजबूत करने में लगे हैं जो किन्हीं कारणों से पिछड़े रह गए। हम सभी वर्गों के सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक उत्थान के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**महापुरुषों की जयंतियां राज्य स्तर पर मनाने की पहल**

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश में संत कबीर दास जी, महर्षि वाल्मीकि, महर्षि कश्यप, डॉ. भीमराव अम्बेडकर और गुरु रविदास जी आदि संतों व महापुरुषों की जयंती को राज्य स्तर पर मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत श्री गुरु तेग बहादुर जी के 400वें प्रकाश वर्ष को देश-भर में मनाने का निर्णय लिया। इसी कड़ी में गत 24 अप्रैल को पानीपत में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री ने दशम पातशाह श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह के शहीदी दिवस 26 दिसम्बर को हर वर्ष वीर बाल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इसी तरह प्रदेश में श्री गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाश पर्व और श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी के 350वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में भी राज्य स्तरीय आयोजन किये गए। हमने अमर स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाने की पहल की है।

इस कार्यक्रम में भाजपा नेता देवेंद्र पांचाल, बंजारा समाज के राष्ट्रीय सदस्य जसमेर सिंह, रघुवेंद्र सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम में दोनों समाज की तरफ से मेहमानों का शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया और मुख्यमंत्री मनोहर लाल को पगड़ी, सरोपा व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। भाजपा नेता जसविंद्र सैनी ने मेहमानों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर उपायुक्त मुकुल कुमार, पुलिस अधीक्षक डा. अंशु सिंगला, एडीसी अखिल पिलानी, एसडीएम नरेंद्र पाल सिंह, पूर्व सांसद कैलाशो सैनी, बीबी करतार कौर, सुरेंद्र माजरी, रमेश पाल नोनी, उषा प्रियदर्शी, श्याम लाल जांगड़ा, सुरेश सैनी कुक्कू, उपाध्यक्ष जय सिंह पाल, सुशील राणा, विनित क्वात्रा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# आप पार्टी की कथनी और करनी में साफ अंतर : लक्ष्मीकांत शर्मा

**गजब हरियाणा न्यूज/जरनैल रंगा**



कुरुक्षेत्र । प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यकारिणी के पूर्व सदस्य लक्ष्मीकांत शर्मा एडवोकेट ने कहा है कि आप पार्टी की कथनी और करनी में साफ अंतर है। इसका जीता जागता प्रमाण आप पार्टी द्वारा पिछले दिनों राज्यसभा में भेजे गए 5 सदस्यों से एक भी सदस्य अनुसूचित जाति का नहीं है । जबकि आप पार्टी ने चुनाव के दौरान अनुसूचित जाति के हितों की रक्षा के लिए लंबे चौड़े दावे किए थे। वे रविवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने आप पार्टी पर तंज कसते हुए कहा कि केवल मात्र अनुसूचित जाति के लोगों को संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर की फोटो सरकारी कार्यालयों में लगाकर खुश करने के काम के अलावा उनके हित के लिए कोई काम नहीं किया है।

उन्होंने ताजा उदाहरण देते हुए कहा कि पंजाब में 170 सरकारी वकीलों के चयन में भी एक भी अनुसूचित जाति के वकील को नहीं लिया गया। उन्होंने कहा की कितने शर्म की बात है कि एक ओर जहां अनुसूचित जाति के लोगों को रिझाने के लिए सरकारी कार्यालयों में संविधान निर्माता बाबा साहब की फोटो लगाकर इन वर्गों को हितेषी होने के दावे किए जा रहे हैं। जबकि धरातल पर सच्चाई इसके विपरीत है । उन्होंने कहा कि पंजाब में आप पार्टी में अनुसूचित जाति के लोगों के लिए बहुत बड़ा धोखा किया है। आप पार्टी इन वर्गों के हितों पर कहीं भी खरा नहीं उतर उतरी है केवल कागजी दावे किए जा रहे हैं।

# शिक्षा के बलबूते छात्र कर सकते हैं कोई भी मुकाम हासिल : डा. महावीर सिंह

## » हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के मेधावी अनुसूचित जाति के छात्रों को एसीएस डा. महावीर सिंह ने किया सम्मानित




**गजब हरियाणा न्यूज/जरनैल रंगा**

कुरुक्षेत्र । शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव डा. महावीर सिंह ने कहा है कि शिक्षा एक ऐसा अधिकार है जिसके बलबूते पर बच्चे कोई भी मुकाम हासिल कर सकते हैं । शिक्षा में कोई कटौती नहीं कर सकता बल्कि बच्चे अपनी शिक्षा में बढ़ोतरी कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सकते हैं। शिक्षा आपकी है आपसे शिक्षा को कोई छीन नहीं सकता । बल्कि आप शिक्षा मे बढोत्तरी कर अपना भविष्य सुरक्षित कर सकते हैं।

वे रविवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की मैट्रिक व सीनियर सेकेंडरी परीक्षा वर्ष 2022 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए श्री गुरु रविदास मंदिर एवं धर्मशाला सभा में आयोजि प्रतिभा सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे । उन्होंने प्रतिभा सम्मान समारोह में प्रदेशभर से पहुंचे मेधावी छात्रों और उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से बच्चों को अच्छी शिक्षा मुहैया कराने के लिए कई योजनाएं चलाई गई हैं। उन्होंने विस्तार से योजनाओं की जानकारी सांझा करते हुए बताया कि जो बच्चे आर्थिक अभाव के चलते अच्छी शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाते। वे सरकार की इन योजनाओं से आगे बढ़ सकते हैं।

इससे पूर्व उन्होंने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को प्रेरणा स्रोत बताते हुए कहा कि उन्होंने पूरी दुनिया को रास्ता दिखाने का काम किया । उन्होंने बच्चों को आह्वान किया कि वे भीमराव अंबेडकर के से प्रेरणा लेकर आगे बढ़े और समाज के लिए कुछ अच्छा कर दिखाने का काम करें।

इससे पूर्व पूर्व अतिरिक्त मुख्य सचिव डा. आर आर फूलिया ने एसीएस डॉ महावीर सिंह का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि प्रतिभा सम्मान समारोह में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा 2022 में हर जिले में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले ( राज्य के 22 जिलों से) कुल 70 विद्यार्थियों को सम्मानित किया जा रहा है। इसी तरह सीनियर सेकेंडरी परीक्षा वर्ष 2022 में कला, विज्ञान व वाणिज्य संवर्ग में अपने जिले में प्रथम आने वाले अनुसूचित जाति के 60 विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया जा रहा है। इसके साथ ही, मैट्रिक परीक्षा 2022 में कुरुक्षेत्र जिले के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अनुसूचित जाति के 200 छात्रों को भी सम्मानित किया जा रहा है । डॉ आर आर प फूलिया ने इस मौके पर प्रतिवर्ष निर्धन गरीब छात्रों को 1000 पर हर महीने देने और गरीब छात्रों की फीस जमा कराने और उन छात्रों को भी सहायता देने का संकल्प लिया जो आर्थिक अभाव के चलते शिक्षा ग्रहण नहीं कर सकते। श्री गुरु रविदास मंदिर एवं धर्मशाला सभा के प्रधान सूरजभान नरवाल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और मंदिर द्वारा चलाए जा रहे कार्यों की जानकारी दी ।

एसएस डॉ महावीर सिंह ने प्रतिभा सम्मान समारोह में सभी मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र और शील्ड देकर सम्मानित किया। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए डॉ आर आर फुलिया की प्रशंसा की ।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि सहित अन्य सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर डॉ. रणजीत सिंह फुलिया ,जिला शिक्षा अधिकारी बीएस मलिक ,जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सतनाम सिंह ,यमूनानगर के जिला शिक्षा अधिकारी राम दीया गागट, मंदिर कमेटी के उपप्रधान रामलाल मेहरा, सचिव ओमप्रकाश तवर, कोषाध्यक्ष रामस्वरूप डाडे ,संयुक्त सचिव सुखबीर सिंह , कार्यकारिणी सदस्य नरेश रंगा ,जोगिंदरो देवी, राधा रानी आलियान, चमेल सिंह, कूरूक्षेत्र विकास बोर्ड के सदस्य केसी रंगा ,बाल कल्याण समिति के सदस्य हरि सिंह एडवोकेट , रमेश चंद, ओमप्रकाश सरोहा, सतबीर कैत, मास्टर रमेश थाना, राजेश राठी,जरनैल सिंह रंगा,धर्मसिंह क्रांति,प्रवीन बौद्ध, अभिषेक, आदि मौजूद रहे।







# ओबीसी समाज को पंचायत चुनाव में आरक्षण न देना अन्याय : सुरेंद्र सैनी



**गजब हरियाणा न्यूज/जरनैल रंगा**

कुरुक्षेत्र। कांग्रेस पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सैनी ने पंचायत चुनाव में ओबीसी समाज को आरक्षण न दिए जाने की निंदा करते हुए कहा कि यह ओबीसी समाज के साथ अन्याय है। ओबीसी समाज हमेशा समाज के कार्यों में अग्रणी रहा है और समाज में ओबीसी समाज का एक बड़ा वर्ग है। लेकिन इसके बावजूद भी ओबीसी समाज की उपेक्षा की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार एक ओर जहां प्रदेश में पिछड़ा आयोग के गठन की घोषणा कर रही है तो दूसरी ओर ओबीसी समाज को पंचायत चुनाव में आरक्षण से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का दोहरा चरित्र सामने आ गया है। जिससे साबित होता है कि ओबीसी समाज को भ्रमित करने के लिए ही ऐसा किया जा रहा है। वे सोमवार को अपने कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव में ओबीसी समाज को आरक्षण न देने के कारण ओबीसी समाज में रोष पनप गया है। जिससे ओबीसी समाज में भारी नाराजगी है। उन्होंने कहा कि भाजपा जजपा गठबंधन सरकार कागजी दावे कर रही है, जबकि धरातल पर सच्चाई इसके विपरीत है। उन्होंने कहा कि ओबीसी समाज अपने अधिकारों की लड़ाई काफी लंबे अरसे से लड़ रहा है, लेकिन उन्हें उनके अधिकारों व हकों से वंचित किया जा रहा है, जो कि ओबीसी समाज के साथ अन्याय है। ओबीसी समाज का एक अभिन्न अंग है और प्रदेश में समय समय पर सरकार का सहयोग करने के साथ साथ सामाजिक संस्थाओं के साथ ही बढचढ कर काम करता है। ऐसे में ओबीसी वर्ग को उनके हकों से वंचित करना अन्याय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा ओबीसी समाज का सम्मान किया है। ओबीसी समाज को उनके अधिकार, हक कांग्रेस ने प्राथमिकता के आधार पर देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर ओबीसी समाज को उनके अधिकार देने का काम किया जाएगा।

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाषित किसी भी विज्ञापन के संबध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने से पहले अच्छी तरह पड़ताल कर लें। किसी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किसी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की **"गजब हरियाणा"** समाचार पत्र की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी। **"गजब हरियाणा"** समाचार पत्र के प्रकाशक , मुद्रक एवं स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापनदाताओं के वायदों पर खरा व उतरने के लिए जिम्मेवार नहीं होंगे।

गजब हरियाणा समाचार पत्र के सभी पद अवैतनिक है। लेखकों के विचार अपने है। इनसे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र कुरुक्षेत्र होगा। प्रकाषित सामग्री से प्रिंटिंग प्रेस का कोई लेना देना नहीं है। प्रकाषक, मुद्रक एवं स्वामी जरनैल सिंह द्वारा ढिंगरा प्रिंटिंग प्रैस, सामने नया बस अडडा, कुरुक्षेत्र से छपवाकर **"गजब हरियाणा"** , प्लाट नं. 56, शिव कालोनी, के.डी.बी. रोड, कुरुक्षेत्र हरियाण से प्रकाशित व मुद्रक किया।


गजब हरियाणा राष्ट्रीय समाचार पत्र के
चौथे स्थापना दिवस पर बहुत-बहुत बधाई।
गजब हरियाणा
सुरेश यूनिसपुर
महासचिव,
हरियाणा कांग्रेस कमेटी।


गजब हरियाणा राष्ट्रीय समाचार पत्र के
चौथे स्थापना दिवस पर बहुत-बहुत बधाई।
गजब हरियाणा
लक्ष्मीकांत शर्मा एडवोकेट
पूर्व कार्यकरणी सदस्य,
प्रदेश कांग्रेस हरियाणा


गजब हरियाणा राष्ट्रीय समाचार पत्र के
चौथे स्थापना दिवस पर बहुत-बहुत बधाई।
गजब हरियाणा
जगमाल गोलपुरा
प्रदेश उपाध्यक्ष,
जेजेपी एससी सेल हरियाणा।


गजब हरियाणा राष्ट्रीय समाचार पत्र के
चौथे स्थापना दिवस पर बहुत-बहुत बधाई।
गजब हरियाणा
बी के भास्कर
मुख्य शाखा प्रबंधक
पीएनबी (सेवानिवृत्त)


गजब हरियाणा राष्ट्रीय समाचार पत्र के
चौथे स्थापना दिवस पर बहुत-बहुत बधाई।
गजब हरियाणा
समाजसेवी
एवं प्रत्याशी
वार्ड नं.10,
जिला परिषद
कुरुक्षेत्र
सुरेंद्र सैनी
MSW,MA,B.ed
कुसुम लता
MA (Hindi) Diploma
In Draftsman (Civil)
कार्यालय : मारकंडा प्रोपर्टी एडवाईज़र ( भिवानी खेडा, धुराला)


हमेशा मॉस्क लगाकर रखें, बार-बार हाथों को धोएं, दो गज की दूरी रखें, कोरोना नियमों का पालन करें
गजब हरियाणा समाचार पत्र के
चौथे स्थापना दिवस की बहुत बहुत शुभकामनाएं
चमन स्वीट्स
नोट: खोया, पनीर, दूध
लस्सी व शुद्ध मिठाईयां
हर समय तैयार मिलती है।
करनाल रोड, पिपली, कुरुक्षेत्र, 90179 01100


शिक्षा हैअनमोल रत्न,
इसे पाने का करो यत्न
एस.ई.सी.टी का प्रयास,
सब की शिक्षा सबका विकास
NEWS गजब HARYANA
सृष्टि एजुकेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.)
गजब हरियाणा
राष्ट्रीय समाचार पत्र
के चौथे स्थापना दिवस
की बहुत बहुत बधाई
Jarnail Singh (Chief Editor) +91-9138203233
गजब हरियाणा राष्ट्रीय समाचार पत्र
Office : Ambala Road, Pipli, Kurukshetra
E-mail : gajabharyananews@gmail.com


गजब हरियाणा राष्ट्रीय समाचार पत्र के
चौथे स्थापना दिवस पर बहुत-बहुत बधाई।
गजब हरियाणा
सुरक्षित रहें
स्वस्थ रहें
सुदेश चौधरी
निवर्तमान पार्षद थानेसर
पवन चौधरी
समाजसेवी


गजब हरियाणा समाचार
पत्र के चौथे स्थापना दिवस
की हार्दिक बधाई
वीरेन्द्र रॉय समाजसेवी

**गजब हरियाणा राष्ट्रीय समाचार पत्र के चौथे स्थापना दिवस पर बहुत–बहुत बधाई।**




श्रीकांत जाधव,ए.डी.जी.पी हरियाणा व मोहित हांडा, पुलिस अधीक्षक यमुनानगर

**गजब हरियाणा राष्ट्रीय समाचार पत्र के चौथे स्थापना दिवस पर बहुत-बहुत बधाई।**



**सुखबीर सिंह**
ब्यूरो चीफ,
यमुनानगर | अम्बाला

**एस.के डेंटल हॉस्पिटल, थाना छप्पर,यमुनानगर की ओर से**

**गजब हरियाणा राष्ट्रीय समाचार पत्र के चौथे स्थापना दिवस पर बहुत-बहुत बधाई।**



**सतीश कुमार**
यमुनानगर

**गजब हरियाणा राष्ट्रीय समाचार पत्र के चौथे स्थापना दिवस पर बहुत-बहुत बधाई।**



**धर्मेन्द्र बक्शी,**
मुस्तफाबाद,यमुनानगर

**गजब हरियाणा राष्ट्रीय समाचार पत्र के चौथे स्थापना दिवस पर बहुत-बहुत बधाई।**



**संदीप कांबोज,**
जगाधरी,यमुनानगर

**गजब हरियाणा राष्ट्रीय समाचार पत्र के चौथे स्थापना दिवस पर बहुत-बहुत बधाई।**



**संजय यादव**
रेवाड़ी,हरियाणा

**गजब हरियाणा राष्ट्रीय समाचार पत्र के चौथे स्थापना दिवस पर बहुत-बहुत बधाई।**



**अरुण कांबोज,**
जगाधरी,यमुनानगर

**गजब हरियाणा राष्ट्रीय समाचार पत्र के चौथे स्थापना दिवस पर बहुत-बहुत बधाई।**



**रवि छनलिया,**
सरस्वती नगर,
यमुनानगर

**गजब हरियाणा राष्ट्रीय समाचार पत्र के चौथे स्थापना दिवस पर बहुत-बहुत बधाई।**



शाहिद इब्राहिम व हरदीप सिंह
बराडा,यमुनानगर

**गजब हरियाणा राष्ट्रीय समाचार पत्र के चौथे स्थापना दिवस पर बहुत-बहुत बधाई।**



**अमित बंसल पत्रकार**
घरौंडा, करनाल